कोटद्वार, शनिवार
24 जनवरी 2026
वर्ष: 48
अंक: 243 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नगेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### अनियमितताओं पर आठ मेडिकल स्टोरों से मांगा जवाब

अल्मोड़ा। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशों के क्रम में जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा के अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को बसोली और सोमेश्वर क्षेत्र के विभिन्न मेडिकल स्टोरों का संयुक्त औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा की सचिव शचि शर्मा और ड्रग इंस्पेक्टर पूजा जोशी की टीम ने ह्यसुरक्षित दवा–सुरक्षित जीवनह्न अभियान के तहत किया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोरों में एक्सपायर्ड दवाओं की जांच की गई और संचालकों के लाइसेंस भी चेक किए गए। जांच के दौरान कई दुकानों में अनियमितताएं सामने आने पर आठ मेडिकल स्टोर संचालकों को सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। टीम ने बताया कि कुछ मेडिकल स्टोरों में एक्सपायरी बॉक्स नियमानुसार नहीं बनाए गए थे। इसके अलावा कई स्थानों पर कैश मेमो का रिकॉर्ड नहीं रखा जा रहा था और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी निरीक्षण के समय उपलब्ध नहीं कराई गई। कुछ दुकानों में एक्सपायर्ड दवाएं मिलने पर उसे जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताया गया है। निरीक्षण के बाद मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए गए कि वे नियमानुसार कैश मेमो की व्यवस्था करें, लेबलयुक्त एक्सपायरी बॉक्स बनाएं, सभी ग्राहकों को बिल उपलब्ध कराएं और एक्सपायरी दवाओं का सही रखरखाव सुनिश्चित करें। साथ ही दुकानों में साफ–सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### चेक बाउंस के आरोपी को तीन माह का कारावास

रुद्रपुर। न्यायिक मजिस्ट्रेट रिजवान अंसारी की अदालत ने शुक्रवार को वर्ष 2020 के चेक बाउंस मामले में आरोपी को दोषी करार देकर तीन साल का कारावास और तीन लाख के जुर्माने से दंडित किया है। अधिवक्ता सुख दर्शन सिंह ने बताया चंद्रभान निवासी गांधी कॉलोनी ने जानकारी दी थी कि छतरपुर के रहने वाले प्रेम नाथ से अच्छी पहचान थी। 29 सितंबर 2015 को उसने कारोबार शुरू करने के लिए तीन लाख रुपये उधार मांगे थे और आश्वासन दिया था कि तीन साल बाद रकम लौटा देगा। आरोप था कि समय अवधि निकलने के बाद जब रकम मांगी। तो आरोपी टालामटोली करने लगा। बहुत बार टोकने के बाद आरोपी ने सात दिसंबर 2020 को चेक दिया। जो दस दिसंबर को बाउंस हो गया। इसके बाद लगातार आरोपी को अधिवक्ता के माध्यम से रकम वापसी का नोटिस भेजा, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया। याचिकाकर्ता ने अदालत में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट रिजवान अंसारी की अदालत में हुई। शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने चेक बाउंस के मामले में दोषी प्रेमनाथ को सजा सुनाई।

### शंकराचार्य के समर्थन में सड़क पर उतरी कांग्रेस

हरिद्वार। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों के समर्थन में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर विरोध दर्ज कराया। पूर्व सभासद अशोक शर्मा के नेतृत्व में दुधाधारी चौक से चंद्राचार्य चौक तक पदयात्रा निकाली गई। इसके बाद चंद्राचार्य चौक पर शंकराचार्य की तस्वीर का विधिवत दुग्धाभिषेक किया गया। इस दौरान शर्मा ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार संतों और ब्राह्मण समाज का अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस समाज का सबसे अधिक समर्थन और वोट भाजपा को मिलता है, यूपी में उसी समाज के संतों और ब्राह्मणों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है। शर्मा ने ब्राह्मण समाज से भी आगे आकर सरकार के रवैये पर सवाल खड़े करने की अपील की। पार्षद सुनील कुमार और वरिष्ठ महिला नेत्री पुष्पा जोशी ने कहा कि भाजपा किसी का सम्मान नहीं करती, वह केवल पूंजीपतियों को महत्व देती है। शंकराचार्य हिंदू समाज में सर्वोच्च और सर्वपूज्य पद है। उनका अपमान किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस मौके पर गार्गी राय, मिथलेश गिल, नकुल माहेश्वरी, प्रदीप भाटिया, नारायण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मौसम हुआ मेहरबान, चांदी से चमके पहाड़



पौडी-चमोली। जनपद पौड़ी जिला मुख्यालय और खिर्सू समेत कई क्षेत्रों में हुई भारी बर्फबारी में शुक्रवार को वसंत पंचमी पर मौसम ने करवट बदली। साल साल सीजन की पहली बर्फबारी हुई और बदरीनाथ धाम में जमकर बर्फ गिरी। उंची चोटियों से लेकर पैदल रास्ते, सड़क और खेत खलियान बर्फ से ढक गए जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश हुई। जनपद में 50 से अधिक गांव बर्फ के आगोश में समा गए हैं। शुक्रवार सुबह दस बजे से बर्फबारी शुरू हो गई थी जो देर शाम तक जारी रही। बर्फबारी से उंचाई वाले क्षेत्रों के गांवों के ग्रामीण अपने गांवों में ही कैद हो गए हैं। बीते वर्ष सितंबर माह से बारिश और बर्फबारी नहीं हुई थी, जिससे सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जंगलों में आग भड़कने लगी थी। शुक्रवार को सुबह से ही मौसम खराब था। सुबह 10 बजे उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हो गई। पूर्वाह्न 11 बजे बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, औली, रुद्रनाथ, लाल माटी, नंदा घुंघटी सहित नीती और माणा घाटी में बर्फबारी हुई जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश शुरू हुई। बारिश–बर्फबारी से ठंड में इजाफा हो गया है। जिले के सुतोल, कनोल, घूनी, रामणी, रामणी, पाणा, ईराणी, झींझी, पगना, मोहनखाल, थाला, डुमक, कलगोठ, तपोवन, रैणी, सुराईथोटा, वाण के साथ ही 50 से अधिक गांव बर्फ से ढक गए हैं। निचली पहाड़ियों के साथ ही पैदल रास्ते, सड़क और खेत–खलियान बर्फ से ढक गए हैं। महिलाएं अपने मवेशियों के लिए हरी घास लेने भी नहीं जा पा रही हैं। उनका कहना है कि बारिश–बर्फबारी से दिक्कतें बढ़ी हैं लेकिन सूखे के हालात दूर हुए हैं। अब पानी के स्रोत रिचार्ज होंगे। चारों ओर फैली धुंध छंट जाएगी।लोगों ने बर्फ का जमकर उठाया आनंद : इस साल पहली बर्फबारी के कारण पहाड़ सफेद चादर से लकदक हो गए। कर्णप्रयाग, देवाल, थराली, नारायणबगड़, गौचर, गैरसैंण आदि जगहों पर उंचाई वाले इलाकों में जमकर बर्फबारी हुई। वहीं बर्फबारी होने के चलते लोगों ने जमकर बर्फबारी का आनंद लिया। बारिश से फसलों को लाभ मिलेगा। वहीं ग्वालदम में पांच साल बाद बर्फबारी होने से लोग खुश हैं। कर्णप्रयाग के चौरासैण, छांतोली, कल्याड़ी, जखेट, खेती, पुनगांव, विषौणा, बैनीताल आदि में दोपहर बाद बर्फबारी हुई। वहीं गौचर के सकंड, ढ़मढ़मा, बरतोली, मझखोला, धनपुर, कांडा, जलगांव, ग्वाड़, धंगडा, देवल आदि गांवों में सुबह हल्की बर्फबारी के बाद दोपहर बाद तेज बर्फबारी शुरू हो गई। गैरसैंण के विधानसभा भवन भराड़ीसैंण, दूधातोली, पनछुया, खांखरा खेत, नंदाठोंकी आदि स्थानों पर हिमपात गिरा। देवाल के लोहाजंग, आयजनटाप, भीकलताल, ब्रह्मताल, रुपकुंड, आली, वेदनी बुग्याल, बगजी बुग्याल बर्फ से ढक गए। वहीं घेस, हिमनी, वाण, हिमनी, बलाण में बर्फबारी जारी है।

### गंगोत्री–यमुनोत्री सहित हर्षिल घाटी में जमकर गिरी बर्फ

उत्तरकाशी। वसंत पंचमी पर गंगोत्री–यमुनोत्री धाम सहित हर्षिल घाटी, चौरंगी, गीठ पट्टी सहित मोरी और जिला मुख्यालय के आसपास उंचाई वाले गांव में अच्छी बर्फबारी देखने को मिली। साथ ही निचले इलाकों में शुक्रवार दिनभर बारिश होने के कारण तापमान में भारी गिरावट देखने को मिला। बर्फबारी और बारिश से काश्तकारों के चेहरे खिल उठे हैं तो वहीं विशेषज्ञों ने इसे खेती के दृष्टिकोण से उपयोगी बताया है। शुक्रवार सुबह से ही गंगोत्री और यमुनोत्री धाम सहित जनपद के हर्षिल घाटी, गीठ पट्टी सहित नौगांव के स्योरी फल पट्टी, मोरी और पुरोला के उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जारी है। निचले इलाकों में मूसलाधार बारिश के कारण ठंड बढ़ गई है। देर शाम तक गंगोत्री यमुनोत्री धाम में करीब डेढ़ फीट और अन्य क्षेत्रों में करीब एक फीट तक बर्फ जम गई है। बर्फबारी के कारण गंगोत्री हाईवे गंगनानी सहित धरासू–फूलचट्टी यमुनोत्री हाईवे, उत्तरकाशी लंबगांव सड़क, मोरी–जखोल सड़क बंद हो गई है। इसके साथ ही गंगा घाटी में मनेरी से गंगोत्री और बड़कोट सहित यमुना घाटी में विद्युत सप्लाई बंद है।

## बसंत पंचमी पर अल्मोड़ा की उंची चोटियों पर बर्फबारी



अल्मोड़ा। लंबे सूखे के बाद शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर अल्मोड़ा जनपद में मौसम ने करवट ली और उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी दर्ज की गई। करीब चार माह बाद हुई बारिश और हिमपात से काश्तकारों के साथ आम लोगों में भी राहत और उत्साह का माहौल रहा। बर्फबारी से पर्यटकों के चेहरों पर खासी मुस्कान नजर आई। बारिश से जंगलों में बढ़ते अग्निकांड के खतरे को लेकर वन विभाग को भी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। शुक्रवार अपराह्न अल्मोड़ा में अचानक मौसम बदला और बारिश के साथ उंचाई वाले इलाकों में हिमपात शुरू हो गया। सुबह तक जहाँ हलकी धूप और बादल के साथ सर्द हवाएं चल रही थी वहीं दोपहर बाद जागेश्वर, कसारदेवी, शीतलाखेत, वृद्ध जागेश्वर, दूनागिरि समेत उंचाई पर स्थित पर्यटक स्थलों में बर्फबारी से रौनक दिखाई दी। करीब एक घंटे तक ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात हुआ, हालांकि बाद में बारिश तेज होने से निचले हिस्सों में जमी बर्फ पिघलने लगी। शाम तक बादलों की गरज और चमक के साथ बारिश का दौर जारी रहा। मौसम बदलने के साथ उंचाई वाले इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे ठंड बढ़ गई। वहीं लंबे समय बाद हुई बारिश से जलस्त्रोतों के रिचार्ज होने और खेती–किसानी को लाभ मिलने की उम्मीद भी जगी है। सेब बागवानी सहित अन्य फसलों के लिए भी इसे लाभकारी माना जा रहा है।

### वसंत पंचमी के पर्व पर सभी उंची पहाड़ियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ी

नई टिहरी। वसंत पंचमी के पर्व पर पर्यटन नगरी धनोल्टी, सुरकंडा मंदिर सहित जिला मुख्यालय, गंगी और पिंस्वाड़ आदि क्षेत्रों में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। सुबह तेज हवा के साथ शुरू हुई हल्की बारिश के बाद उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हो गई जिससे जिले की सभी उंची पहाड़ियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली । नई टिहरी नगर क्षेत्र में करीब पांच साल बाद जमकर बर्फबारी हुई। शुक्रवार सुबह आसमान में कुछ देर बादल छाए रहने के बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। करीब सवा नौ बजे से पर्यटन नगरी धनोल्टी, गंगी और पिंस्वाड़ आदि उंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई थी। जबकि घाटी वाले क्षेत्रों में कभी तेज कभी हल्की बारिश होती रही। दोपहर ढाई बजे के बाद नई टिहरी में भी बर्फ गिरनी शुरू हो गई जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकलकर बर्फ का आनंद उठाने लगे।

## 23 अप्रैल को खुलेगें श्री बदरीनाथ धाम के कपाट

### वसंत पंचमी को नरेंद्र नगर (टिहरी) स्थित राजमहल में तय हुई कपाट खुलने की तिथि

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : श्री बदरीनाथ धाम के कपाट गुरुवार 23 अप्रैल को प्रातः 6.15 खुलेंगे तथा तेल कलश गाडू घड़ा यात्रा मंगलवार 7 अप्रैल से शुरू होगी। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने यात्रा तैयारियां शुरू कर दी है। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होने के अवसर पर श्रद्धालुओं को बधाई दी चारधाम यात्रा का भी आमंत्रण दिया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को नरेंद्र नगर स्थित टिहरी राज दरबार में कपाट खुलने की तिथि तय हुई। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी



ने बताया कि कपाट खुलने की तिथि तय होते ही आगामी यात्रा हेतु बीकेटीसी ने तैयारियां शुरू कर दी है।

यात्रा व्यवस्थाओं हेतु कार्य योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा उन्होंने कहा कि शीतकालीन यात्रा के साथ-साथ आगामी चार धाम यात्रा तैयारियों पर फोकस रहेगा। श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होने के कार्यक्रम हेतु टिहरी राजमहल की ओर से शुक्रवार को प्रातः साढ़े दस बजे से धार्मिक समारोह शुरू हो गया था। दोपहर बाद महाराजा मनुजयेंद्र शाह की उपस्थिति में पूजा-अर्चना पश्चात राजपुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने पंचांग गणना तथा महाराजा की जन्मकुंडली देखने के पश्चात विधि-विधान से श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि का निर्धारण किया। कपाट खुलने की तिथि घोषित होने के साथ ही गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा का दिन भी तय हो गया।

इस अवसर पर महाराजा मनुजयेंद्र शाह सहित सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, रावल अमरनाथ नंबूदरी, उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण, बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, मंदिर समिति सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, प्रह्लाद पुष्पवान, धीरज मोनू पंचभैया, महेंद्र शर्मा, देवी प्रसाद देवली, राजेंद्र प्रसाद डिमरी, नीलम पुरी, दिनेश डोभाल, राजपाल जड़धारी, डा. विनीत पोस्ती, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, तीर्थ पुरोहित संतोष त्रिवेदी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजन नैथानी, निजी सचिव प्रमोद नौटियाल, मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़, संजय भट्ट आदि मौजूद थे।

### लेगुना में वाहन खाई में गिरा, एक की मौत, चार लोग घायल

चमोली। कौब मोटर मार्ग पर शुक्रवार देर शाम समारोह से लौट रही एक कार लेगुना गांव के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में पूर्व प्रधान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। शुक्रवार शाम को कौब गांव में सगाई समारोह से लौट रहे लोगों की कार लेगुना गांव के समीप अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में मैदुनी गांव के पूर्व प्रधान फते सिंह (56) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जयवीर सिंह (43) बीरेंद्र सिंह (44) दोनों निवासी भेला गांव घायल हो गए। चालक राकेश चोटिल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। शव को खाई से निकाला गया। इस दौरान बारिश के कारण पुलिस कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। थानाध्यक्ष विनोद चोरसिया ने बताया कि वाहन में चालक समेत चार लोग सवार थे। वहीं डॉ. नवीन डिमरी ने बताया कि दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है।

## चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट 18 मई को खुलेंगे

### पंचांग पूजा और गणना के बाद हुई तिथि घोषित

चमोली। चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आगामी 18 मई को दोपहर 12 बजकर 57 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। शुक्रवार को सुबह नौ बजे गोपीनाथ मंदिर परिसर में पपड़ियाणा गांव के पंडित दिनेश चंद्र थपलियाल ने पंचांग पूजा और गणना के बाद रुद्रनाथ मंदिर के कपाट खोलने की तिथि घोषित की।

रुद्रनाथ मंदिर के पुजारी हरीश भट्ट ने बताया कि ज्येष्ठ संक्रांति 15 मई को रुद्रनाथ की उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल गोपीनाथ मंदिर के गर्भगृह से बाहर लाई जाएगी। डोली को दिनभर



मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखा जाएगा। 16 मई को भी डोली गोपीनाथ मंदिर परिसर में रहेगी। 17 मई को सुबह आठ बजे डोली ल्वींठी खर्क के लिए प्रस्थान करेगी। रात्रि प्रवास यहीं कर 18 मई को डोली रुद्रनाथ के लिए रवाना होगी। दोपहर 12 बजे डोली रुद्रनाथ मंदिर पहुंचेगी और रोहिणी नक्षत्र में दोपहर 12 बजकर 57 मिनट पर रुद्रनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

## वसंत पंचमी पर हरिद्वार में उमड़ा आस्था का सैलाब, गंगा घाटों पर गूंजे जयकारे



हरिद्वार। सर्दी के बीच वसंत पंचमी पर हरिद्वार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु तड़के ही स्नान के लिए गंगाघाट पहुंचने लगे। हरकी पैड़ी के ब्रह्मकुंड में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली, जहां श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। शुक्रवार को हरकी पैड़ी सहित आसपास के सभी गंगा घाट ह्यहर–हर गंगेह्न और ह्यजय मां गंगेह्न के जयकारों से गूंज उठे। सामान्य दिनों की तुलना में गंगा घाट में कहीं अधिक चहल–पहल देखने को मिली। गंगा स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां मनसा देवी के दर्शन भी किए। वसंत पंचमी पर हिमाचल, जम्मू–कश्मीर, यूपी और हरियाणा से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे थे। पंडित अमर शर्मा के अनुसार, वसंत पंचमी पर गंगा स्नान, पूजन और शुभ कार्यों के लिए किसी विशेष पुण्यकाल की जरूरत नहीं पड़ती। हालांकि, व्यापारी सुरेश अग्रवाल, रोहित कुमार और राहुल बंसल ने बताया कि बारिश के कारण इस बार बाजार में भीड़ कम ही देखने को मिली। बूंदाबांदी के बीच विधायक ने उड़ाई पतंग ज्ञान की देवी मां सरस्वती को समर्पित वसंत पंचमी का पर्व धर्मनगरी में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी के घर आयोजित कार्यक्रम में विधायक मदन कौशिक ने पूजा–अर्चना की। हल्की बूंदाबांदी के बीच कौशिक ने पतंग उड़ाई।

### सहेली ने सूने घर से लाखों के जेवर और नकदी चोरी की

देहरादून। पथरीबाग में एक महिला की सहेली ने ही विश्वासघात करते हुए उसके सूने घर से करीब सात लाख रुपये के जेवर और नकदी चोरी कर ली। शक होने पर जब पीड़िता ने पड़ोसियों के सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो आरोपी सहेली घर में घुसते हुए दिखी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुरुवार को चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि पथरीबाग निवासी साक्षी पत्नी गौरव ने तहरीर दी। बताया कि उनकी दोस्ती रीठा मंडी निवासी माहिन मलिक पुत्री दिलशाद से थी। 14 जनवरी 2026 को साक्षी अपने मायके सिंघल मंडी में एक शादी समारोह में गई हुई थीं और घर पर ताला लगा था। इसी दौरान माहिन ने फोन कर बताया कि वह उनके घर के पास है, तब पीड़िता ने अपने मायके बुलाया। काफी देर बाद वह साक्षी के मायके पहुंची और बहाने से आईडी कार्ड मांगने लगी। जिसे साक्षी ने देने से मना कर दिया। 19 जनवरी को जब साक्षी ने अपनी अलमारी खोली तो देखा कि उसमें रखे 10 हजार रुपये नकद और लाखों के जेवर गायब थे। चोरी गए सामान में सोने की नथ, मांग टीका, झुमकी, पति की अंगूठी, मंगलसूत्र और चांदी की पायलें शामिल हैं। शक होने पर जब साक्षी ने अपनी ताई के घर लगे सीसीटीवी फुटेज देखे।

## मां नंदा ने जताई कैलाश जाने की इच्छा

### इसी साल 5 सितंबर से होगी बड़ी जात

चमोली। मां नंदा की बड़ी जात इसी वर्ष 2026 में ही होगी। 5 सितंबर को नंदा अपने सिद्धपीठ कुरुड़ मंदिर से कैलाश के लिए विदा होंगी। मां नंदा ने अपने मुख्य अवतारी पुरुष पर अवतरित होकर इसी वर्ष कैलाश जाने की इच्छा जताई। इसके बाद गौड़ ब्राह्मणों ने बड़ी जात के आयोजन का दिनपट्टा तय किया। इसी के साथ मां नंदा की बड़ी जात की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। बड़ी जात यात्रा समिति ने बाकायदा मां नंदा की बड़ी जात का 21 दिन का यात्रा कार्यक्रम भी घोषित कर दिया है। वसंत पंचमी पर्व पर शुक्रवार को मां नंदा के सिद्धपीठ कुरुड़ मंदिर परिसर में नंदा की बड़ी जात का दिनपट्टा कार्यक्रम प्रस्तावित किया था। मां नंदा के मंदिर में सुबह आठ बजे विशेष पूजाएं हुईं। करीब तीन घंटे तक मंदिर में पूजा हुईं। इसके बाद दोपहर 1 बजकर



20 मिनट पर सुंग गांव के रमेश सिंह बिष्ट पुत्र भोपाल सिंह चौसिंग्या खाडू को लेकर मंदिर प्रांगण में पहुंचे। इसके बाद मंदिर के पुजारी व मुख्य अवतारी पुरुष मुंशीचंद गौड़ पर मां नंदा और कुंडबगड़ गांव के हिम्मत सिंह महर पर भूमियाल देवता अवतरित हुए। इसके बाद मां नंदा ने इसी साल कैलाश जाने की इच्छा जताई। इसके बाद अपराह्न 1 बजकर 40 मिनट पर कुरुड मंदिर समिति बधाण डोली के अध्यक्ष नरेश गौड़, बंड डोली के अध्यक्ष अशोक गौड़, नंदा देवी बड़ी जात आयोजन समिति के अध्यक्ष कर्नल (सेनि) हरेंद्र सिंह रावत और कुरुड़ मंदिर समिति के अध्यक्ष सुखवीर रौतेला के साथ ही गौड़ ब्राह्मण, 14 सयानों और बधाण, दशोली व बंड क्षेत्र के हकहकूकधारी गांवों के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में दिनपट्टा (यात्रा का संकल्प) कार्यक्रम में बड़ी जात आयोजन की तिथि घोषित कर दी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख नंदानगर हीमा देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह बिष्ट, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विरेंद्र सिंह रावत, कांग्रेस प्रवक्ता तेजवीर कंडेरी, व्यापार संघ अध्यक्ष नंदानगर नंदन सिंह रावत आदि मौजूद रहे। 20 को होमकुंड में होगी बड़ी जातः 5 सितंबर से बड़ी जात कुरुड़ मंदिर से दशोली, बधाण और बंड क्षेत्र की मां नंदा की डोलियां कैलाश के लिए प्रस्थान करेंगी।

## विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में भूमिका निभाएगा उत्तराखंड का विजन : धामी

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सिविल सर्विसेस इंस्टीट्यूट में आयोजित चिन्तन शिविर एवं डॉयलाग ऑन विजन 2047 में राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित किया। कहा कि इस दो दिवसीय शिविर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ठोस, व्यवहारिक और समयबद्ध रणनीति तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अपने कार्यों को केवल आदेश देने या मीटिंग करने तक सीमित न रखें, बल्कि अपने दायरे में आने वाले प्रत्येक कार्य को नवाचार, पारदर्शिता, समयबद्ध और परिणाम केंद्रित दृष्टिकोण के साथ तत्परता और जवाबदेही के साथ पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि



वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी साकार हो सकता है जब देश का प्रत्येक राज्य समान रूप से विकसित हो। इसके लिए उत्तराखण्ड को भी अपने संसाधनों, क्षमताओं और विशिष्टताओं के अनुरूप विकास की एक स्पष्ट और दीर्घकालिक दिशा तय करनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति निर्माण से लेकर उसके क्रियान्वयन और अंतिम सफलता तक प्रशासन की सक्रियता, संवेदनशीलता और दक्षता ही ये तय होती है। इसलिए इस विजन को साकार करने में प्रशासनिक तंत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए हमारे प्रशासन को न केवल तेजी और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा, बल्कि प्रत्येक नीति, निर्णय और योजना को 'लक्ष्य आधारित' एवं 'जन-केंद्रित' दृष्टि से लागू करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम विकसित उत्तराखंड से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का रोडमैप बना रहे हैं। इसका अर्थ केवल योजनाएं और नीतियां बनाने या लक्ष्य निर्धारित करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हमें ये देखना होगा कि हमारी योजनाओं और नीतियों से आम नागरिकों के जीवन में क्या बदलाव आएगा। इसके लिए हमें, किसानों की आय वृद्धि, युवाओं के लिए रोजगार सृजन, महिलाओं के लिए समान अवसर जैसे मानकों पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों की प्राप्ति ही विकसित उत्तराखंड और विकसित भारत की वास्तविक कसौटी तय करेंगे। इस अवसर पर सेतु आयोग के सीईओ शत्रुघ्न सिंह, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, नीति आयोग से प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. नीलम पटेल, आईएएस अधिकारी एवं विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ मौजूद थे।

### तकनीक केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहे

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमें ई-गवर्नेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स सहित आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके शासन को और अधिक प्रभावी, तेज और पारदर्शी बनाना होगा। साथ ही ये भी सुनिश्चित करना होगा कि तकनीक केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहे, बल्कि दूरस्थ और सीमांत गांवों तक भी पहुंचे। इसके साथ ही, हमारी नीतियों और योजनाओं के केंद्र में आम नागरिकों का कल्याण सर्वोपरि होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील राज्य में विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। आपदा प्रबंधन को हमें विकास योजना का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा।

### निर्धारित करें आउटपुट और आउटकम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अधिकारियों को प्रत्येक योजना का स्पष्ट आउटपुट और आउटकम निर्धारित करना होगा। केवल रुपया व्यय हो जाना ही किसी योजना की सफलता का पैमाना नहीं है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपका प्रत्येक निर्णय केवल आज को प्रभावित नहीं करता, बल्कि आने वाले भविष्य की दिशा भी तय करता है। बतौर प्रशासनिक अधिकारी आपके निर्णय, कार्य और नीतियों से जनता के जीवन में जो सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं, वही भविष्य में आपकी वास्तविक पहचान बनेंगे। इसलिए अपने दायित्वों को केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी न समझें, बल्कि इसे समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण का अवसर मानकर निभाएं।

## सम्पादकीय

# पहाड़ों में बर्फबारी

आखिरकार लंबे इंतजार के बाद उत्तराखंड में पहाड़ों से लेकर मैदान तक बारिश होने लगी है। खास तौर से पहाड़ों में हुई अच्छी बर्फबारी ने मौसम खुशनुमा कर दिया है तो वहीं उम्मीद की जा रही है कि अभी आने वाले दिनों में अच्छी बारिश के साथ ही नदियों के वेग में भी सुधार देखने को मिलेगा। बारिश न होने से पूरे प्रदेश में पर्यावरण को लेकर एक बहस छिड़ गई थी। चिंता की बात यह थी की पूरा दिसंबर और लगभग जनवरी बीत जाने के बाद भी पानी की एक बूंद के लिए पूरा उत्तराखंड तरस गया था। बारिश काफी विलंब से हुई है और पहाड़ों में बर्फबारी भी। सीधे तौर पर इसका असर आने वाले महीनों में भी नजर आएगा। जिस प्रकार से इस बार सर्दी की अच्छी शुरुआत हुई थी उससे अनुमान लगाया गया था कि बारिश भी जल्दी होगी और गर्मियों से राहत भी मिल पाएगी। दिसंबर और जनवरी में पिछले आंकड़ों की अपेक्षा इस बार की बारिश निराशाजनक है। जहां एक तरफ इन दोनों महीना में बारिश न होने से पर्यावरण संरक्षण पर बहस छिड़ गई थी तो वहीं बीमारियों का दौर भी शुरू हो चुका था। हालांकि पहाड़ों और मैदानों में बारिश हुई है लेकिन इस बारिश को अभी संतोषजनक नहीं कहा जा सकता और अपेक्षा की जानी चाहिए कि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश हो। पहाड़ों में हुई बर्फबारी ने उत्तराखंड के दम तोड़ रहे पर्यटन की भी संभावनाएं बढ़ा दी है, खासतौर से सप्ताह अंत में पर्यटकों का पहाड़ों की ओर रुख करना अच्छे संकेत है। इस बार के बदलते मौसम ने एक बड़ा सवाल उत्तराखंड के पर्यावरण को लेकर खड़े किए हैं कि यदि इसी प्रकार से जंगल और पेड़ों का कटान चलता रहेगा तो निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में उत्तराखंड अपनी पहचान भी खोता चला जाएगा।

# एआई से आत्मनिर्भरता तक: महिलाओं और युवाओं का नया भविष्य

**श्रीमती कविता भाटिया**

भारत इंडिया–एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की तैयारियों में जुटा है। इस समिट में दुनिया भर के एआई के धुरंधर शामिल होंगे और इस वैश्विक मंच पर भारत के युवाओं को भी अपना पुरुषार्थ दिखाने का अवसर मिलेगा। अब एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल मशीनों, एल्गोरिदम या ऑटोमेशन तक सीमित नहीं है। असली चर्चा इस बात की है कि एआई को सभी के लिए उपयोगी और सुलभ कैसे बनाया जाए। खासतौर पर महिलाओं, युवाओं और उन कामगारों के लिए, जो अब तक औपचारिक अर्थव्यवस्था से दूर रहे हैं।

एआई की सबसे बड़ी ताकत यह नहीं है कि वह इंसानों की जगह ले ले, बल्कि यह है कि वह इंसानों की क्षमता बढ़ाए। अगर सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए, तो एआई महिलाओं को आत्मनिर्भर बना सकता है, युवाओं को नए कौशल दे सकता है और असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों को सुरक्षा और अवसर दोनों दे सकता है।

इसी सोच के साथ मार्च 2024 में सरकार ने इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी। इस मिशन का उद्देश्य है–भारत में एआई का विकास करना और एआई को भारत की जरूरतों के अनुसार काम में लाना। इसके तहत कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने, नए इनोवेशन सेंटर खोलने, भरोसेमंद डेटा प्लेटफॉर्म बनाने, एआई आधारित एप्लिकेशन विकसित करने, युवाओं को भविष्य के कौशल सिखाने और स्टार्टअप्स को वित्तीय मदद देने जैसे कई कदम उठाए गए। उनके सकारात्मक और सुखद परिणाम अब शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, लैब से लेकर खेतों तक और संगीत व कला जैसे हर क्षेत्र में दिखाई देने लगे हैं।

इस मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है इंडिया एआई इनोवेशन सेंटर, जहाँ खास तौर पर समावेशी विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। यहाँ ऐसे एआई मॉडल तैयार किए जा रहे हैं, जो भारत की भाषाई और सामाजिक विविधता को समझ सकें। ये मॉडल किसानों, महिला उद्यमियों, गिग वर्कर्स और छोटे व्यापारियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए जा रहे हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में काम करने वाले एआई सहायक, छोटे–छोटे सलाह देने वाले डिजिटल टूल और अलग–अलग क्षेत्रों के लिए ज्ञान आधारित सिस्टम इसी दिशा में काम कर रहे हैं।

**एआई समिट से निकलेगी राह**

दुनिया के कई देशों में एआई को केवल उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के औज़ार के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन भारत में एआई का असली असर रोज़गार, सुरक्षा, प्रशिक्षण और अवसर के रूप में सामने आ रहा है। फरवरी 2026 में होने वाले इंडिया–एआई इम्पैक्ट समिट में इसी सोच पर चर्चा होगी कि एआई का इस्तेमाल जनता, विकास और धरती के हित में कैसे किया जाए।

आज भारत की गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था में महिलाएं एआई की मदद से नई पहचान बना रही हैं। कई महिला उद्यमी एआई आधारित ऑनलाइन बाज़ारों से जुड़कर अपना कारोबार बढ़ा रही हैं। वहीं, टैक्सी चलाने वाली या डिलीवरी का काम करने वाली महिलाएं एआई आधारित सुरक्षा सुविधाओं की वजह से ज़्यादा सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरी महसूस कर रही हैं।

उदाहरण के लिए, ब्यूटी और हेल्थ से जुड़े प्लेटफॉर्म एआई का इस्तेमाल कर ग्राहकों को सही सेवा प्रदाता से जोड़ते हैं। इसमें स्थान, कौशल और पुराने अनुभव जैसी जानकारियों का ध्यान रखा जाता है। इससे महिलाओं को लचीले काम के घंटे, तय आमदनी और बेहतर सुरक्षा मिलती है। इसी तरह, टैक्सी और डिलीवरी सेवाओं में रियल–टाइम लोकेशन शेयरिंग और वॉयस–एक्टिवेटेड इमरजेंसी फीचर जैसी सुविधाओं ने महिला ड्राइवर्स का भरोसा बढ़ाया है।



ग्रामीण और अर्ध–शहरी भारत में भी एआई डिजिटल समावेशन को आगे बढ़ा रहा है। क्षेत्रीय भाषाओं में काम करने वाले एआई सहायक और आवाज से चलने वाली डिजिटल भुगतान सेवाएं उन महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रही हैं, जो पढ़ना–लिखना कम जानती हैं। अब वे बिना झिझक अपने पैसों का लेन–देन और प्रबंधन कर पा रही हैं।

**'युवा एआई फॉर ऑल**

युवाओं के लिए एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि नए भविष्य का दरवाज़ा है। सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर देशभर में एआई से जुड़े कौशल सिखा रहे हैं, चाहे वह बुनियादी डिजिटल जानकारी हो या उन्नत मशीन लर्निंग। इसी कड़ी में शुरू किया गया 'युवा एआई फॉर ऑलइ अभियान लाखों छात्रों को एआई की बुनियादी समझ दे रहा है। स्कूलों, कॉलेजों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के ज़रिये यह कोशिश की जा रही है कि एआई का ज्ञान किसी एक वर्ग तक सीमित न रहे।आज एआई की भूमिका केवल रोज़गार तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह जन–कल्याण से भी जुड़ गई है। कई स्टार्ट–अप्स रिहायशी इलाकों और दफ्तरों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए एआई आधारित निगरानी और विश्लेषण सिस्टम का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, आपातकालीन सेवाओं में एआई आधारित शिकायत निवारण सिस्टम से प्रतिक्रिया का समय कम हुआ है और सेवाएं ज़्यादा प्रभावी बनी हैं।

खेती के क्षेत्र में भी एआई बड़ा बदलाव ला रहा है। मौसम, कीट और फसल से जुड़े जोखिमों का अनुमान लगाकर एआई किसानों, खासकर महिला किसानों को बेहतर फैसले लेने में मदद कर रहा है। फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी के ज़रिये एआई आधारित क्रेडिट स्कोरिंग से उन महिला–नेतृत्व वाले कारोबारों को भी कर्ज़ मिल पा रहा है, जो पहले बैंकिंग व्यवस्था से बाहर थे।

नीति आयोग की रिपोर्ट भी बताती है कि एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाकर करोड़ों असंगठित कामगारों को सशक्त बना सकता है। ये वही लोग हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

जैसे–जैसे एआई का इस्तेमाल बढ़ रहा है, उसका नैतिक और निष्पक्ष उपयोग सुनिश्चित करना भी ज़रूरी हो गया है। भारत का दृष्टिकोण सभी के लिए एआई पर आधारित है, जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और समान अवसर पर ज़ोर दिया गया है। डिजिटल श्रमसेतु जैसी पहलें असंगठित क्षेत्र में तकनीक को पहुंचाने का काम कर रही हैं।

भारत की पहली डिजिटल क्रांति ने लोगों को जोड़ा, अब अगली एआई क्रांति का लक्ष्य उन्हें नए अवसर देना होना चाहिए। ऐसा भविष्य, जहाँ गांव की महिला उद्यमी, दूर–दराज़ का युवा और शहर का स्टार्टअप संस्थापक– सभी एआई के लाभ में बराबर के भागीदार हों।

भारत में एआई की सफलता इस बात से नहीं मापी जाएगी कि उसके एल्गोरिदम कितने जटिल हैं, बल्कि इस बात से मापी जाएगी कि वह कितने लोगों को आगे बढ़ने का मौका देता है। महिलाएं, युवा और कामगार अब केवल लाभ लेने वाले नहीं हैं, बल्कि एक न्यायपूर्ण और समावेशी एआई अर्थव्यवस्था के निर्माता बन रहे हैं। यही भारत की असली ताकत है।

> **एआई की सबसे बड़ी ताकत यह नहीं है कि वह इंसानों की जगह ले ले, बल्कि यह है कि वह इंसानों की क्षमता बढ़ाए। अगर सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए, तो एआई महिलाओं को आत्मनिर्भर बना सकता है, युवाओं को नए कौशल दे सकता है और असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों को सुरक्षा और अवसर दोनों दे सकता है। इसी सोच के साथ मार्च 2024 में सरकार ने इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी। इस मिशन का उद्देश्य है– भारत में एआई का विकास करना और एआई को भारत की जरूरतों के अनुसार काम में लाना। इसके तहत कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने, नए इनोवेशन सेंटर खोलने, भरोसेमंद डेटा प्लेटफॉर्म बनाने, एआई आधारित एप्लिकेशन विकसित करने, युवाओं को भविष्य के कौशल सिखाने और स्टार्टअप्स को वित्तीय मदद देने जैसे कई कदम उठाए गए। उनके सकारात्मक और सुखद परिणाम अब शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, लैब से लेकर खेतों तक और संगीत व कला जैसे हर क्षेत्र में दिखाई देने लगे हैं।**

# भारत के सामने नई चुनौती बांग्लादेश

**हरिशंकर व्यास**

भारत के सामने नई बड़ी चुनौती बांग्लादेश की खड़ी हो गई है। वहां 12 फरवरी को राष्ट्रीय चुनाव होने वाले हैं, जिसमें शेख हसीना की आवामी लीग चुनाव नहीं लड़ रही है। मुख्य मुकाबला दिवंगत खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात ए इस्लामी के बीच है। दोनों कट्टरपंथी पार्टियां हैं और दोनों का रुख बुनियादी रूप से भारत विरोधी रहा है। भारत के लिए कम खराब पार्टी बीएनपी है। लेकिन चुनाव से पहले जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले शुरू हुए हैं और धारावाहिक की तरह हर दिन कहीं न कहीं किसी हिंदू के मारे जाने, हिंदू महिला को प्रताड़ित किए जाने या हिंदू घरों पर हमले की खबरें आ रही हैं और भारत सरकार कुछ नहीं कर पा रही है उससे सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर सवाल खड़े होते हैं।

यह सवाल इसलिए खड़े होते हैं क्योंकि आज की दुनिया में हर देश अपने नागरिकों और अपने धर्म को बचाने के लिए लड़ रहा है। पिछले दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाइजीरिया पर हमला कर दिया। उन्होंने इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर बमबारी की। नाइजीरिया पर हमले और बमबारी से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वहां ईसाई समुदाय के लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। सोचें, अमेरिका ने नाइजीरिया में ईसाई बनाम मुस्लिम के झगड़े में दखल दिया। उन्होंने ईसाईयों को बचाने के लिए इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर हमला किया।



उससे पहले उन्होंने जी20 से दक्षिण अफ्रीका को इसलिए बाहर किया क्योंकि उनका कहना था कि दक्षिण अफ्रीका में ईसाईयों के साथ भेदभाव हो रहा है और उनको परेशान किया जा रहा है।

बांग्लादेश में इसी तरह डेढ़ करोड़ की हिंदू आबादी प्रताड़ित हो रही है। लेकिन भारत सरकार ने राष्ट्रपति ट्रंप की तरह राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। राजनियक स्तर पर बांग्लादेश के उच्चायुक्त को बुला कर शिकायत करने के अलावा भारत ने कुछ नहीं किया। ध्यान रहे भारत ने जब से शेख हसीना को अपने यहां शरण दी है तब से बांग्लादेश में हिंदू प्रताड़ित हो रहे हैं लेकिन भारत निर्णायक दखल देने का फैसला नहीं कर पा रहा है। चुनाव के बाद निश्चित रूप से कट्टरपंथियों की सरकार बनेगी और तब भी ऐसे ही हमले जारी रहे तो भारत क्या करेगा? यह सवाल इसलिए अहम है क्योंकि उसके बाद फिर बांग्लादेश से शरणार्थियों के भारत आने का सिलसिला बढ़ेगा। यह भारत के लिए बड़ी समस्या बन सकती है।

इसी तरह पाकिस्तान से निपटने का मामला भी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद वह अपनी ताकत बढ़ा रहा है। वह चीन और तुर्किए से हथियार और ड्रोन खरीद रहा है। अपनी जीत का नैरेटिव बना रहा है और दावा कर रहा है कि भारत के साथ सीमित जंग के बाद उसके जे 17 विमानों की मांग बढ़ गई है। मुस्लिम देश उससे विमान खरीद रहे हैं। उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर ध्रुवीकरण कराने वाला नया चेहरा बन कर उभरे हैं। मुस्लिम नाटो बनाने की चर्चा वास्तविक रूप से शुरू हो गई है। खुद भारत के सेना प्रमुख ने सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा है कि सीमा पार फिर से दो दर्जन से ज्यादा आतंकी शिविर काम करने लगे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है।तब सवाल है कि जब जारी है तो कैसे सीमा के पास आतंकियों को शिविर बनाने दिया जा रहा है? भारतीय सीमा के पास लगातार पाकिस्तानी ड्रोन दिखाई दे रहे हैं। कूटनीतिक व सामरिक स्तर पर पाकिस्तान के हर कदम को चीन का समर्थन है। वह बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार, मालदीव, नेपाल आदि सभी पड़ोसी देशों में अपना दखल स्थापित कर चुका है। ऐसे में भारत के लिए अपने बैकयार्ड में ही चुनौती बढ़ती हुई है। एक तरफ अमेरिका है, जिसने साफ कर दिया है कि उसके बैकयार्ड में यानी कैरेबियाई देशों या लैटिन अमेरिका के देशों में वह चीन और रूस का दखल नहीं बढ़ने देगा और सबको अपने हिसाब से चलाएगा। वही भारत अपने पड़ोस के छोटे से छोटे देश को भी अपने साथ नहीं रख पा रहा है। डरा नहीं पा रहा है।

# बॉर्डर 2 को मिला यू/ए 13+ सर्टिफिकेट, सेंसर बोर्ड ने नहीं लगाया एक भी कट, 3.16 घंटे फिल्म का रनटाइम

बॉर्डर 2 की रिलीज का काउंटडाउन खत्म होने वाला है. फिल्म की रिलीज में अब बस दो दिन ही बचे हैं और आने वाली 23 जनवरी को फिल्म सिनेमाघरों में चल पड़ेगी. पूरा देश इस फिल्म को देखने के लिए बेताब है. सोशल मीडिया पर इस बात का पक्का सबूत मिल चुका है. सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर शानदार क्रेज नजर आ रहा है. वहीं, फिल्म अब सेंसर बोर्ड से भी बिना किसी कट के पास हो चुकी है. साथ ही फिल्म का रनटाइम भी सामन आ चुका है.बॉर्डर 2 को सेंसर बोर्ड ने यू/ए सर्टिफिकेट दिया है. खास बात यह है कि फिल्म को एक भी कट लगाए बिना पास किया गया है. फिल्म बॉर्डर 2 का रनटाइम 3.16 घंटे का है. रिपोर्ट्स की मानें तो सेंसर बोर्ड ने फिल्म में एक भी कट नहीं लगाया है. फिल्म में युद्ध की बारीकियों, भावनाओं और सैनिकों के बलिदान का विस्तार से देखने को मिलेगा.सेंसर बोर्ड ने फिल्म को यू/ए 13+ सर्टिफिकेट दिया है, जिसका मतलब है कि 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए पेरेंट्स गाइडेंस जरूरी है, क्योंकि फिल्म में इंटेंस वॉर सीक्वेंस और इमोशनल सीन भी हैं.फिल्म की कहानी के बारे में बात करें तो यह भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 में हुई लड़ाई पर बेस्ड है. इसमें में सनी देओल लेफ्टिनेंट कर्नल फतेह सिंह कालेर (6 सिख रेजिमेंट), वरुण धवन मेजर होशियार सिंह दहिया (पीवीसी, द ग्रेनेडियर्स), दिलजीत दोसांझ फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों (पीवीसी, इंडियन एयर फोर्स, नंबर 18 स्क्वाड्रन), अहान शेट्टी लेफ्टिनेंट कमांडर एम.एस. रावत (इंडियन नेवी, खुकरी) के रोल में नजर आएंगे.



## रणजी ट्रॉफी 2025–26: सरफराज खान ने हैदराबाद के खिलाफ लगाया दोहरा शतक

नईदिल्ली,इस समय खेली जा रही रणजी ट्रॉफी 2025–26 में मुंबई क्रिकेट टीम के बल्लेबाज सरफराज खान ने हैदराबाद क्रिकेट टीम के खिलाफ दोहरा शतक (227) लगाया। उन्होंने मैच के दूसरे दिन के दौरान अपनी पारी को दोहरे शतक में तब्दील किया।उनकी इस बड़े शतक के चलते मुंबई ने पहली पारी में सभी विकेट खोकर 560 रन बनाए। उनके अलावा मुंबई के कप्तान सिद्धेश लाड ने शतक (104) लगाया।

मैच के पहले दिन जब मुंबई ने 82 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब सरफराज क्रीज पर आए थे। उन्होंने मोहम्मद सिराज समेत हैदराबाद के गेंदबाजों का डटकर सामान किया और 120 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था। पहले दिन की समाप्ति तक 142 रन बनाकर नाबाद रहने वाले सरफराज ने दूसरे दिन 206 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने कप्तान सिद्धेश के साथ मिलकर 249 रन की साझेदारी की। सरफराज ने 219 गेंदों का सामना करते हुए 227 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी में 19 चौके और 9 छक्के लगाए। यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सरफराज का पांचवां दोहरा शतक है, जो घरेलू स्तर पर उनकी निरंतरता को दिखाता है।

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड को लगा बड़ा झटका, चार वर्ल्ड कप खेलने वाला गेंदबाज हुआ बाहर

नईदिल्ली,न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को भारत और श्रीलंका में अगले महीने 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले बड़ा झटका लगा है. टीम के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं. वो साउथ अफ्रीकी लीग एसए20 में बॉलिंग करते समय चोटिल हो गए थे. उनकी जगह काइल जैमीसन, जो अभी भारत के व्हाइट–बॉल टूर का हिस्सा हैं, को टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया गया है. इससे पहले उन्हें ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर चुना गया था. न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को बताया कि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह काइल जैमीसन को टीम में शामिल किया जाएगा.न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम, जो इस समय भारत में व्हाइट बॉल की सीरीज खेल रही है. टीम के हेड कोच रॉब वाल्टर ने कहा, हम सभी एडम के लिए दुखी हैं. उन्होंने टूर्नामेंट के लिए खुद को तैयार करने के लिए बहुत मेहनत की थी और वो साउथ अफ्रीका में ईस्टर्न केप सनराइजर्स के लिए अपना बेस्ट दे रहे थे. एडम के लिए यह बुरा समय है और हम उनके जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं. हेड कोच ने मिल्ने की रिप्लेसमेंट पर बात करते हुए कहा, यह बहुत अच्छा है कि काइल पहले से ही हमारे साथ इंडिया में है. वह हमारे पेस–बॉलिंग ग्रुप का एक जरूरी मेंबर है और इस टूर पर उसने जबरदस्त प्रदर्शन किया है.



# इमरान हाशमी की तस्करी ने नेटफ्लिक्स पर बनाया दबदबा



इमरान हाशमी की वेब सीरीज तस्करीः द स्मगलर वेब को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इसके जरिए सीमा शुल्क कस्टम अधिकारियों की पेशेवर जिंदगी को पर्दे पर उतारा गया है जिसे देखने के बाद लोग इमरान के अभिनय के मुरीद हो चुके हैं। 14 जनवरी को रिलीज तस्करी ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है जो नेटफ्लिक्स की अन्य हिंदी वेब सीरीज भी नहीं कर सकीं। इसने विश्वस्तर पर नंबर 1 गैर–अंग्रेजी शो बनने का रिकॉर्ड कायम किया है।टुडम पर मौजूद टॉप शो और फिल्मों की सूची के मुताबिक, तस्करीः द स्मगलर वेब नेटफ्लिक्स की ग्लोबल टॉप 10 गैर–अंग्रेजी टीवी सूची में नंबर 1 पर डेब्यू करने वाली पहली भारतीय सीरीज बन गई है। रिलीज के पहले ही हफ्ते में इसने 9 देशों में टॉप जगह हासिल की है, जबकि अन्य 23 देशों में टॉप 10 में शामिल हुई है। इस सफलता पर निर्देशक नीरज पांडे ने अपनी खुशी जाहिर की है।

## एसएस राजामौली ने वाराणसी की रिलीज से उठाया पर्दा?

एसएस राजामौली आरआरआर की महासफलता के बाद अपनी अगली भव्य परियोजना के साथ लौट रहे हैं। फिल्म का नाम वाराणसी है, जिसका ऐलान 2025 में कर दिया गया था। महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म का हिस्सा हैं। इसके जरिए प्रियंका हिंदी सिनेमा में वापसी करेंगी। वाराणसी की रिलीज तारीख का ऐलान बाकी है, लेकिन निर्माताओं की हालिया पोस्ट ने इसे लेकर बड़ा संकेत दिया है। अटकलें हैं कि फिल्म 2027 में राम नवमी पर आ सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, वाराणसी राम नवमी के अवसर पर 9 अप्रैल, 2027 को रिलीज हो सकती है। फिल्म से जुड़ा एक क्लिप सामने आया है जिसमें त्रेतायुग, लंका नगरम, 7200 ईसा पूर्व के दृश्य दर्शाए गए हैं। वीडियो में हनुमान और अन्य को युद्ध करते दिखाया गया है। वीडियो ने राम नवमी 2027 पर फिल्म रिलीज करने की अफवाहों की पुष्टि कर दी है। चर्चा यह भी है कि निर्माता 26 जनवरी को आधिकारिक रिलीज तारीख का ऐलान करेंगे।

# बांग्लादेश ने टी20 वर्ल्ड कप का किया बायकॉट, भारत में खेलने से किया इन्कार

नईदिल्ली, बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नज्रुल का कहना है कि बांग्लादेश क्रिकेट टीम भारत में वर्ल्ड कप नहीं खेलेगी. उनका ये फैसला आईसीसी के उस फैसले के एक दिन बाद आया है, जिसमें आईसीसी ने वेन्यू बदलने के बांग्लादेश के अनुरोध को खारिज कर दिया, और भारत में बांग्लादेश के खिलाड़ियों के लिए सुरक्षा खतरे की चिंताओं को भी खारिज कर दिया. आईसीसी के फैसले के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड अधिकारियों, राष्ट्रीय टीम के क्रिकेटरों और अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार ने एक अहम बैठक की, जिसमें ये फैसला लिया गया कि हमारी टीम भारत में टी20 वर्ल्ड कप मैच न खेलने नहीं जाएगी. मीटिंग के बाद बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नज्रुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईसीसी पर बांग्लादेश के साथ निष्पक्ष व्यवहार न करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, आईसीसी ने हमारे साथ न्याय नहीं किया है, हम झुकेंगे नहीं. अगर बांग्लादेश वर्ल्ड कप नहीं खेलता है तो इसका क्या मतलब होगा, यह सभी को समझना चाहिए. हम किसी भी हालत में अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकते. बांग्लादेश के टूर्नामेंट से हटने की वजह से स्कॉटलैंड की वर्ल्ड कप में एंट्री हो जाएगी, क्योंकि यह टीम टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में 14वें नंबर पर है और पहले से क्वालीफाई न करने वाली टीमों में सबसे ऊंची रैंक वाली टीम भी है. लेकिन अभी तक आईसीसी की तरफ से इसकी घोषणा नहीं की गई है.

आईसीसी ने एक दिन पहले एक आधिकारिक बयान में कहा था कि वो पिछले कई हफ्तों से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के साथ लगातार और सकारात्मक बातचीत की है, जिसका साफ मकसद टूर्नामेंट में बांग्लादेश की भागीदारी को आसान बनाना था. इस दौरान आईसीसी ने बांग्लादेश के साथ स्वतंत्र सुरक्षा मूल्यांकन और वेन्यू–लेवल की व्यापक सुरक्षा योजनाएं की विस्तृत जानकारी शेयर की थी.



## एक नजर

### अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

कीर्तिनगर : अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से दो पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि हिंडोलाखाल थाना क्षेत्र के आमणी गांव निवासी विक्रम सिंह को रोककर तलाशी ली गई। उसके पास से अवैध अंग्रेजी शराब की दो पेटियां बरामद हुईं। आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। (एजेंसी)

### फसल और फलोत्पादन को बर्फबारी के रूप में मिली संजीवनी

नई टिहरी। सीजन की पहली बर्फबारी फसल और फलों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। हालांकि घाटी वाले इलाकों में फसल बहुत कम दिख रही है बावजूद कुछ जगहों पर जो गेहूं, सरसों और मसूर आदि की फसल बची हुई है। उसके लिए यह बारिश और बर्फबारी काफी फायदेमंद होगी। मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी ने बताया कि लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण अभी तक करीब 20 प्रतिशत फसलों को नुकसान हुआ है लेकिन कई नमी वाले क्षेत्रों में फसल ठीक थी। जिला उद्यान अधिकारी अरविंद शर्मा ने कहा कि सेब, आडू और पुलम के लिए यह बर्फबारी संजीवनी का काम करेगी। सेब के लिए इस सीजन में 0 से 7 डिग्री का तापमान जरूरी है। इस बर्फबारी से सेब के लिए जरूरी चिलिंग घंटे पूरे होने की उम्मीद है। इस बर्फबारी से वास्तविक खुशी किसानों और फलोत्पादकों को मिली है। नैनबाग क्षेत्र के काश्तकार शरण सिंह पंवार, गंभीर सिंह रावत, अखोड़ीसैण के पदम सिंह पंवार और चौंरी के काश्तकार हुकम सिंह नेगी ने कहा कि यह बारिश और बर्फबारी फसल के लिए काफी फायदेमंद होगी।

### डीसीबी कर्मियों को दिलाई लोकतंत्र परंपरा की शपथ

नई टिहरी। जिला सहकारी बैंक शाखा नरेंद्रनगर के शाखा प्रबंधक आरपी बलूनी ने 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बैंक कर्मियों को लोकतंत्र में लोकतंत्र परंपरा की बनाएं रखने की शपथ दिलाई। पूर्व पालिकाध्यक्ष अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि सभी को अपने मतदान का प्रयोग जरूर करना चाहिए। शाखा प्रबंधन बलूनी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है लेकिन इस साल 24– 25 जनवरी को बैंकों में अवकाश होने के कारण शासन के दिशा निर्देशों पर शुक्रवार को ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया है। इस मौके पर योगिता उनियाल, सुमन सैलानी आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस ने बौराड़ी में खोला पार्टी का नया कार्यालय

नई टिहरी। वसंत पंचमी पर जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी ने बौराड़ी के ओपन मार्केट गांधी आश्रम खादी भवन के निकट पार्टी का नया कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल ने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस देश–प्रदेश में मजबूती से उभरेगी। जिलाध्यक्ष खंडवाल ने बताया कि गत दिन कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस जिलाध्यक्षों के साथ दस दिवसीय संगठन सृजन अभियान कार्यशाला की जिसमें पार्टी की रीति–नीति और भाजपा सरकारों की विफलताओं को गांव गांव के साथ जन–जन तक पहुंचाने को कहा गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष शांति प्रसाद भट्ट, राकेश राणा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला, महिला अध्यक्ष आशा रावत, ब्लॉक अध्यक्ष साब सिंह सजवाण, युवा कांग्रेस अध्यक्ष लखवीर चौहान मौजूद थे।

### पूर्व सैनिकों को वीर परिवार सहायता योजना की दी जानकारी

नई टिहरी। वीर परिवार सहायता योजना के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने चंबा पालिका सभागार में पूर्व सैनिकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुना और उन्हें योजनाओं की जानकारी दी। जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव व सीनियर सिविल जज आलोक राम त्रिपाठी ने पूर्व सैनिकों को योजना की पृष्ठभूमि, उद्देश्य, प्रक्रिया, क्रियान्वयन के बारे में बताया। इसके तहत सेवारत रक्षा कर्मी, पूर्व सैनिकों को निशुल्क कानूनी सेवा मिलती है। इसके अलावा संपत्ति विवाद, पारिवारिक मामले, भरण–पोषण, बच्चे की अभिरक्षा, वैवाहिक मुद्दे, उपभोक्ता मामले, वित्तीय धोखाधड़ी सुरक्षा, उत्तराधिकार मामले, कल्याण योजनाएं, दिव्यांग प्रमाण पत्र योजनाएं में शामिल हैं।

# धोखा दे रही स्ट्रीट लाइट, जानवरों का खतरा


कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र में लगाई गई स्ट्रीट लाइट

### जंगल से सटे आबादी क्षेत्रों में बनी है गुलदार की धमक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** जंगल से सटे आबादी क्षेत्रों में जंगली जानवरों की धमक बढ़ने लगी है। ऐसे में जानवरों से सुरक्षा के लिए आबादी क्षेत्र में लगाई गई स्ट्रीट लाइट ने भी धोखा देना शुरु कर दिया है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। ऐसे में रात के समय राहगीरों को मानव वन्य जीव संघर्ष का खतरा बना हुआ है। शिकायत के बाद भी नगर निगम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है।वर्ष 2018 में नगर निगम गठन के बाद करीब चालीस लाख रुपये की लागत से वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। जंगल से सटे आबादी क्षेत्रों में भी स्ट्रीट लाइट लगने से लोगों को काफी राहत मिली। लेकिन, वर्तमान में कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। कई स्थानों पर तो स्ट्रीट लाइट की रोशनी इतनी कम हो गई है कि उसका लगना व न लगना बराबर हो रहा है। सबसे अधिक परेशानी सनेह, कुंभीचौड़, शिवपुर, झंडीचौड़ सहित भाबर के अन्य स्थानों पर बनी हुई है। स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से लोगों को जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। अंधेरे के कारण लोगों ने जंगल से सटे मार्गों पर आवागमन करना भी बंद कर दिया है। कुंभीचौड़ क्षेत्र के लोगों ने कुछ दिन पूर्व नगर निगम से इसकी शिकायत भी की थी। लोगों का कहना था कि इन दिनों जंगल से सटे मार्गों पर हाथी की धमक बढ़ रही है। ऐसे में स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाया जाना चाहिए। बावजूद नगर निगम ने समस्या को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई। ऐसे में लोग रात के समय शादी समारोह में जाने से भी घबरा रहे हैं।

#### अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग

कुंभीचौड़, झंडीचौड़ सहित अन्य क्षेत्रों के लोग जंगल से सटे मार्गों पर अतिरिक्त स्ट्रीट लाइन लगवाने की भी मांग उठा रहे हैं। लेकिन, नगर निगम का ध्यान केवल बाजार क्षेत्र के वार्डों में ही बना हुआ है। जबकि, कुंभीचौड़, शिवपुर सहित अन्य स्थानों पर हाथी को रोकने के लिए बनाई गई सुरक्षा दीवार भी क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। ऐसे में लगातार हाथी की धमक आबादी में बढ़ रही है।

### बारिश और ठंड के बीच धरने पर डटे रहे आंदोलनकारी

उत्तरकाशी। तांबाखाणी सुरंग के बाहर कचरा डंपिंग जोन हटाने की मांग को लेकर हनुमान चौक पर प्रदर्शनकारियों का धरना 36वें दिन भी जारी रहा। बारिश और ठंड के बावजूद आंदोलनकारी धरने पर डटे रहे और कूड़ा निस्तारण को लेकर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तांबाखाणी सुरंग के बाहर से कचरा हटाने की मांग को लेकर गोपीनाथ व उनके समर्थकों का धरना शुक्रवार को बारिश और कड़ाके ठंड के बीच जारी रहा।

# मौसम का बदला मिजाजा, गेंहू को मिली संजीवनी


कोटद्वार में बारिश के दौरान छाता लेकर जाते लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शुक्रवार को कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में हुई बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। पर्वतीय क्षेत्रों के साथ ही मैदान में भी पारा अचानक लुढ़क गया। ठंड से बचाव के लिए लोगों ने हीटर व अलाव का सहारा लिया। इधर बारिश से गेहूं की खेती को संजीवनी मिली है। जिससे काश्तकारों के चेहरे खिल गए।

शुक्रवार सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ था। 11 बजे के बाद अचानक बूंदा-बांदी शुरू हो गई। रुक-रुक कर हो रही बारिश का दौर देर शाम तक चलता रहा। अचानक हुई बारिश को गेहूं की फसल के लिए संजीवनी बताया जा रहा है। काश्तकार प्रशांत कुमार, मनोज सिंह ने बताया कि पानी नहीं मिलने से गेहूं की फसल बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई थी। ऐसे में बारिश से फसल को काफी लाभ मिलेगा। वहीं, बारिश के साथ ठिठुरन भी बढ़ गई है। दोपहर बाद सड़क पर बहुत कम लोग घूमते हुए दिखाई दिए। लोगों ने ठंड से बचाव के लिए अपने घरों में हीटर व अलाव का सहारा लिया। ठंड से सबसे अधिक परेशान सड़क पर बेसहारा घूमने वाले लोग थे। हालांकि इन लोगों के लिए नगर निगम ने शहर में मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की है। लेकिन, बारिश होने के कारण वह भी नहीं जल पाए।

# दुगड्डा में रैन बसेरा के लिए 70.55 लाख स्वीकृत

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी कुम्भ मेले की अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ ही प्रदेश की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सम्पर्क मार्गो, सड़कों, स्थायी रैन बसेरों एवं विभिन्न विभागों के भवनों, पार्कों आदि के निर्माण हेतु 11.80 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर हेतु नगर पालिका दुगड्डा क्षेत्रान्तर्गत निराश्रित व्यक्तियों हेतु एक स्थायी रैन बसेरा बनाये जाने हेतु 70.55 लाख स्वीकृत किये गये है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विकास खण्ड बहादराबाद में विकास कार्यो के निर्माण कार्य हेतु 3.53 करोड़ एवं कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत के निर्माण कार्य हेतु 2.19 करोड की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर हेतु नगर पालिका दुगड्डा क्षेत्रान्तर्गत निराश्रित व्यक्तियों हेतु एक स्थायी रैन बसेरा बनाये जाने हेतु 70.55 लाख, जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज बनबसा, चम्पावत के परिसर में पार्क के निर्माण किया जाने हेतु 70.55 लाख तथा जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्डस कार्यालय, उत्तरकाशी के अनावासीय भवन निर्माण हेतु 2.74 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ में विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के विकासखण्ड मूनाकोट के अंतर्गत ग्राम सभा घुर्चु में आंतरिक सीसी मार्ग एवं सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 96.39 लाख तथा घुर्चु गोरिला मंदिर से असुरदेव से कांडा हेतु बन्दा तक सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु धनराशि 97.37 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

### बसंत पंचमी मेला शुरू, लोगों की उमड़ी भारी भीड़

श्रीनगर गढ़वाल : अलकनंदा भागीरथी के पावन संगम देवप्रयाग में शुक्रवार को तीन दिवसीय पौराणिक बसंत पंचमी मेला शुरू हो गया है। मेले के पहले दिन टिहरी व पौड़ी जिले सहित देश प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु गंगा स्नान व भगवान रघुनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। कड़ाके की ठंड व बारिश के बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। तड़के पौड़ी के सलाण क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालुओं ने संगम पर स्नान किया। लोक वादकों ने मंगल कामना के साथ घरों की चौखटों पर लगाने के लिए जौ की हरियाली बांटी। कई प्रदेशों से पहुंचे दुकानदारों ने खुले में स्टाल लगाए जिस कारण उन्हें बारिश के चलते दिक्कतों को सामना करना पड़ा। बारिश के कारण संगम तट पर लगे झूलों और जंपिंग पैड पर सन्नाटा पसरा रहा। बावजूद श्रद्धालु भीगते हुए भी खरीदारी और मेल-मिलाप में जुटे रहे।

# गणतंत्र दिवस परेड में अतिथि बनेंगे इंटर कॉलेज के शिक्षक व विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार के दो छात्र व दो शिक्षकों को गणतंत्र दिवस पर अतिथि बनने का निमंत्रण आया है। अटल इनोवेशन मिशन (नीति आयोग) की ओर से विद्यार्थियों व शिक्षकों को यह निमंत्रण भेजा गया है।

राइंका कोटद्वार के प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अटल इनोवेशन मिशन की ओर से विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब के दो नवाचारी छात्र शौर्यवीर (कक्षा नौ) व अंशपाल (कक्षा दस) के साथ ही मार्गदर्शक शिक्षक दीपक नौटियाल व सीतांशु खुगशाल को नई दिल्ली में आयोजित 77वीं गणतंत्र दिवस परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया गया है। बताया कि विद्यालय के दोनों छात्र एवं शिक्षक गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए नई दिल्ली रवाना हो गए हैं। उन्होंने बताया कि छात्र राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र व प्रधानमंत्री संग्रहालय भ्रमण के अलावा 25 जनवरी को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ संवाद कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि वर्ष 2019 में भी विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब के छह छात्रों, वर्ष 2020 में एक छात्र ने अटल इनोवेशन मिशन द्वारा नई दिल्ली में आयोजित ह्यनेशनल शो केशह्व तथा वर्ष 2020 में तीन छात्रों ने ह्यबूट कैंपह्व कार्यक्रम में प्रतिभाग किया है। 16 फरवरी 2018 को तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भी विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब के शुभम नेगी ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षक व राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री मनमोहन सिंह चौहान, डा. पदमेश बुडाकोटी, मुकेश रावत, संजय रावत, गजेंद्र सिंह रावत, मनमोहन सिंह रौतेला, अनूप नेगी, देवेंद्र रावत, जितेंद्र प्रसाद, श्रीश चंद्र तिवारी, सरिता रौतेला, बबीता, आदि ने खुशी जाहिर की है।


राइंकॉ कोटद्वार के विद्यार्थी व मार्गदर्शक, जिन्हें गणतंत्र दिवस परेड में बतौर अतिथि निमंत्रित किया गया है।

# बसंत पंचमी पर सिद्धबली मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शुक्रवार को बसंत पंचमी के मौके पर श्री सिद्धबली मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने बाबा से सुख-शांति के लिए कामना की।

बसंत पंचमी पर सुबह से ही मंदिर में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। भक्तों ने लाइन में खड़े होकर बाबा के दर्शन किए। दस बजे के बाद लाइन लगातार बढ़ती चली गई। भक्तों ने बाबा के दर पर माथा टेक अपने समाज व परिवार के लिए कामना की। बिजनौर से पहुंचे मनोज अग्रवाल ने बताया कि बाबा सिद्धबली से उनके परिवार की अटूट श्रद्धा जुड़ी हुई है। कोई भी शुभ कार्य को करने से पूर्व वह बाबा के दर्शन को अवश्य पहुंचते थे। हालांकि, 12 बजे के बाद अचानक मौसम में बदलाव व बारिश ने भक्तों की परीक्षा भी ली। बावजूद बाबा के दर पर भक्तों की भीड़ लगी रही।


कोटद्वार के श्री सिद्धबली मंदिर में बाबा के दर्शन को लगी भक्तों की भीड़

### लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण कराने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन श्रीनगर के सदस्यों ने शुक्रवार को नगर निगम की मेयर आरती भंडारी से भेंट कर नगर की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर स्मृतिपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने लंबे समय से लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की। पत्र में नगर की चुंगी से भक्तियाना तक स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था किए जाने, क्षेत्र में बंदरों व गुलदार की बढ़ती दहशत से निजात दिलाने, नर्सरी रोड पर पार्किंग व अनियंत्रित आवागमन पर रोक लगाकर दुर्घटनाओं की संभावना कम करने, चुंगी के समीप सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था किए जाने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई है। संगठन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र मैठाणी व सचिव दीनबंधु सिंह चौहान ने बताया कि मेयर ने संगठन के सदस्यों को सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। स्मृति पत्र सौंपने वालों में संगठन के सह सचिव हरि प्रसाद उनियाल, डॉ. भरत सिंह, रामेश्वर पुरी आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# स्टेडियम के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** मुख्यमंत्री चैंपियन टॉफी प्रतियोगिता में कोटद्वार स्टेडियम के तीरंदाजों ने आठ स्वर्ण पदक, आठ रजत पदक और पांच कास्य पदक जीते हैं। खिलाड़ियों की इस सफलता पर स्टेडियम के खेल शिक्षकों ने खुशी व्यक्त की है। देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम के प्रभारी श्याम सिंह डांगी ने बताया कि बालक वर्ग अंडर-14 रिकर्व चालीस मीटर में सानिध्य कंडारी ने स्वर्ण व रुद्रांश भंडारी ने कांस्य पदक जीता। अंडर-14 ओलंपिक राउंड बालक वर्ग में आराध्य भारद्वाज ने स्वर्ण व रुद्रांश भंडारी ने रजत पदक जीता। अंडर-14 रिकर्व राउंड बालक वर्ग टीम में सानिध्य कंडारी व रूद्रांश भंडारी, आराध्य भारद्वाज ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-14 बालिका वर्ग चालीस मीटर रैकिंग राउंड में दिव्यांशी भंडारी ने स्वर्ण व श्रेया ने रजत पदक जीता। अंडर-14 बालिका वर्ग ओलंपिक राउंड में दिव्यांशी भंडारी ने स्वर्ण पदक, श्रेया ने रजत पदक जीता। अंडर-19 रिकर्व राउंड 70 मीटर बालिका वर्ग में अनन्या बिष्ट ने स्वर्ण पदक, अंडर-19 बालिका वर्ग ओलंपिक राउंड में अनन्या बिष्ट ने रजत पदक जीता। अंडर-14 कंपाउंड बालक वर्ग रैकिंग राउंड में भार्गव रावत ने रजत व मनस्वी बिष्ट ने कांस्य पदक जीता। मनस्वी ने अंडर-14 कंपाउंड बालिका वर्ग ओलंपिक राउंड में भी कांस्य पदक जीता। अंडर-14 कंपाउंड बालिका वर्ग में मनस्वी बिष्ट, अवनी रावत व यहावी उपाध्याय की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 कंपाउंड बालिका वर्ग 50 मीटर रैकिंग राउंड में अनुराधा भारद्वाज ने रजत पदक, वैष्णवी ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 कंपाउंड बालिका वर्ग ओलंपिक राउंड में अनुराधा भारद्वाज ने रजत पदक, वैष्णवी पांथरी ने कांस्य पदक, अंडर-19 कंपाउंड बालिका वर्ग टीम में अनुराधा भारद्वाज, वैष्णवी पांथरी व श्रुति ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 कंपाउंड बालक वर्ग में ऋषभ बिष्ट, लक्षित चौधरी, नवनीत सिंह ने रजत पदक जीता।

# बहुउद्देशीय शिविर में 35 शिकायत दर्ज



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जनकल्याणकारी पहल जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को विकासखंड दशोली की न्याय पंचायत देवर-खडोरा में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश द्वारा की गई।

इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा पेयजल, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य जनसमस्याओं से संबंधित 35 शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें से अधिकांश का अपर जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से ग्रामीणों को राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रामचंद्र गौड़, डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, उपजिलाधिकारी आरके पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी,स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सदस्यों ने खराब स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारने की मांग उठाई

नई टिहरी, जिला पंचायत की बैठक में सदस्यों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल, बिजली से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। सदस्यों ने एक सुर में जिले की खराब स्वास्थ्य सुविधा को सुधारने की मांग उठाई। जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण ने अधिकारियों से सदन में उठाई समस्याओं के निराकरण करने को कहा। जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता की अध्यक्षता में बैठक हुई। विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि टिहरी में 400 बेड का अस्पताल, 100 सीट के मेडिकल कॉलेज की स्थापना, ओबीसी आरक्षण में शामिल करने के लिए वह प्रयासरत हैं। सभी कार्यों को पूरा कराने में जिला पंचायत, क्षेत्र और ग्राम प्रधानों का भी आगे आकर उनका सहयोग करना होगा। बैठक में जिला पंचायत सदस्य शैला रमोला, शकुंतला पंवार, शीशपाल राणा, दर्शनी रावत, स्वाति राणा, विजयपाल रावत ने क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और जंगली जानवरों की समस्याओं से निजात दिलाने की मांग उठाई। सदस्य सीता देवी, गीता डबराल, धनपाल बिष्ट, उत्तम असवाल सहित अन्य सदस्यों ने स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने, सड़कों की खस्ताहाल स्थिति को सुधारने, सड़कों के प्रतिकर भुगतान, क्षतिग्रस्त स्कूलों की मरम्मत आदि मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।


उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं | T-19-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | कॉन्कोर सीसीटी के संदर्भ में पथरी में सामान्य उपयोगकर्ता यातायात सुविधा के लिए टीआरडी का कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 16.02.2026,15.00 hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs 1,25,65,387.56/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि | Rs. 2,12,800/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 Days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 04 Months |
| वैबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

निविदा सूचना सं: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-18 दिनांक: 23.01.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 265/26


# आंदोलनकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष को दिखाए काले झंडे

### लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण नहीं होने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** पिछले कई माह से लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण को लेकर आंदोलन कर रहे लोगों ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को काले झंडे दिखाए।

आंदोलनकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष पर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर लापरवाही दिखाने का आरोप लगाया है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाशत नहीं की जाएगी।

शुक्रवार को जैसे ही आंदोलनकारियों को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण के कण्वाश्रम बसंत महोत्सव में पहुंचने की सूचना मिली तो आंदोलनकारी काले झंडे लेकर हल्दुखाता के समीप पहुंचे गए। मार्ग निर्माण का बैनर हाथ में लिए लोगों ने बीच सड़क पर खड़े होकर नारेबाजी की। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने आंदोलनकारियों को हटाते हुए विधानसभा अध्यक्ष के वाहन को आगे बढ़ाया। आंदोलनकारी प्रवीन थापा, दीपा अधिकारी, पूर्व सैनिक रविंद्र सौंद व राजाराम अण्थ्वाल ने बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण अति आवश्यक है। मार्ग निर्माण के लिए क्षेत्रवासी पिछले कई माह से आंदोलन कर रहे हैं। बावजूद जनप्रतिनिधि लापरवाह बने हुए हैं। बताया कि मार्ग निर्माण होने से कण्वाश्रम को भी नई पहचान मिलेगी। साथ ही सिडकुल को भी गति मिलेगी। कहा कि यदि जल्द मार्ग निर्माण नहीं हुआ तो आंदोलनकारी विधानसभा अध्यक्ष के आवास का घेराव करेंगे। इस मौके पर नरेश धस्माना, पीतांबर कपटियाल, गणेश रावत, मदन बिष्ट, विनीता देवी, शोभा भंडारी, कमलेश्वरी देवी, गीता देवी, पिंकी केष्टवाल आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के हल्दूखाता तिराहे के समीप विधानसभा अध्यक्ष के काफिले के सामने काले झंडे लहराती महिलाएं


उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उत्तर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | |
|---|---|---|
| Tender No. Date | 295-DRM-MB-25-26 dt. 22.01.2026 | 296-DRM-MB-25-26 dt. 22.01.2026 |
| Name of work | CTR(S)=7.232 km & TSR(S)=0.44 km and other miscellaneous track activity under Sr. DEN/HQ/MB. | Improvement in chlornation system at MB residential colonies under ADEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date Time | 16.02.2026 | 16.02.2026 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,28,92,352.73 | 1,42,05,436.38 |
| Earnest Money (Rs.) | 2,14,500.00 | 2,21,000.00 |
| Tender Cost Rs.) | 00 | 00 |
| Bidding Start Date | 04.02.2026 | 04.02.2026 |
| Period of Completion | 06 Month | 60 Month |

पत्रांक– 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक– 22.01.2026 247/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### खराब ई–रिक्शा को धक्का लगा रहे युवक को डंपर ने मारी टक्कर

देहरादून। आईएसबीटी के पास खराब ई–रिक्शा को धक्का लगा रहे एक युवक को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके सिर में 52 टांके आए हैं। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि भगत सिंह कॉलोनी निवासी मोहम्मद इरशाद ने दी तहरीर में बताया कि बीते 18 जनवरी की दोपहर उनका पुत्र मोहम्मद शहबाज अपना ई–रिक्शा लेकर आईएसबीटी से कबाड़ी पुल की ओर जा रहा था। रास्ते में रिक्शा खराब होने पर वह उतरकर धक्का लगाने लगा। जबकि उसका साथी हैंडल संभाल रहा था। इसी दौरान पीछे से आए बिना नंबर प्लेट वाले कबाड़ा उठाने वाले डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई–रिक्शा उछलकर पास खड़ी कार से जा टकराया। हादसे में शहबाज का दाहिना हाथ टूट गया और सिर में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से उसे दून अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, साथी युवक को भी गुम चोटें आई हैं। इंस्पेक्टर सीबीएस अधिकारी ने मामले में एक्सिडेंट की धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### सपा ने जयंती पर विनोद बड़थ्वाल को किया याद

देहरादून। समाजवादी पार्टी ने पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व. विनोद बड़थ्वाल की 71वीं जयंती पर परेड ग्राउंड स्थित पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। वक्ताओं ने उन्हें हिमालय पुत्र हेमवती नंदन बहुगुणा का राजनीतिक शिल्पकार बताया, जिन्होंने डीएवी पीजी कॉलेज से राजनीति शुरू कर सपा के संस्थापक सदस्य और तीन बार उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई। इस मौके पर राजेश रावत, अतुल शर्मा, आभा बड़थ्वाल, हेमा बोरा, वैभव बड़थ्वाल, सुनील बड़थ्वाल, ज्योति सिंह, प्रधान तारा राजपूत, सत्य महेश्वरी, रवि थापा, अबरार अहमद, सुरेश यादव, आरिफ वारसी, एपी सिंह आदि मौजूद रहे।

### इंस्टाग्राम पर सीएम धामी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी पर केस

देहरादून। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की छवि धूमिल करने और अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी खिलाफ पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। सीएम की फोटो को एआई तकनीक से एडिट कर ह्यपूकीह्न जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने पर यह कार्रवाई हुई। पुलिस आरोपी की जांच कर रही है। पटेलनगर निवासी सुधांशु पुण्डीर ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि बीते छह जनवरी को इंस्टाग्राम पर एक अकाउंट से एक रील पोस्ट की गई। आरोप है कि इस पोस्ट में मुख्यमंत्री की फोटो को डिजिटल और एआई तकनीक के जरिए मॉर्फ (छेड़छाड़) किया गया। उनके चेहरे और हाव–भाव बदलकर उस पर आपत्तिजनक कैप्शन दिया गया। शिकायत में कहा कि मुख्यमंत्री एक संवैधानिक पद पर हैं। जानबूझकर उनकी छवि को हास्यास्पद और तिरस्कारपूर्ण तरीके से पेश करना न केवल उनकी मानहानि है, बल्कि यह आम जनता में भ्रम फैलाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश भी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाने से प्राप्त जीरो एफआईआर दर्ज कर पटेलनगर कोतवाली में ट्रांसफर किया गया। इंस्पेक्टर पटेलनगर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को उनके यहां केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बसंत पंचमी पर पहनाए पीले वस्त्र

देहरादून। श्याम सुन्दर मन्दिर पटेल नगर में शुक्रवार को बसंत पंचमी के पावन पर्व पर सुबह मंदिर में विराजमान सभी मूर्तियों को पीले वस्त्र पहनाकर विशेष श्रृंगार कर पूजा की गई ' भजन कीर्तन कर सरस्वती आराधना कर पीले चावल का भोग लगाकर भक्तों में वितरित किए गए ' इस अवसर पर प्रधान अवतार मुनियाल, महामंत्री गोविंद मोहन, मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र चड्ढा, मनोज सूरी, चंद्र मोहन आनंद, ओम प्रकाश सूरी, गुलशन नंदा, यशपाल मग्गो, मनीष भाटिया, प्रेम टुटेजा, वीरेंद्र कपूर, तिलक राज भाटिया, गोपी गोगिया, शशि, कमलेश मग्गो, किरण शर्मा, सुमन दुआ, रुचि टुटेजा, नीना भसीन, धर्मपाल धीमान, उषा चड्ढा, निर्मल ढींगरा, साधना कपूर, रूपा आनंद, सुदेश आनंद, मधु साहनी, कमलेश सूरी, किरण शर्मा आदि मौजूद रहे .

# इंडो–थाई सहयोग से खुलेंगे हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में रोजगार के नए द्वार



देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में शुक्रवार को भारत और थाईलैंड के बीच हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में सहयोग को लेकर अहम मंथन हुआ। अंतरराष्ट्रीय बैठक में प्रशिक्षण, अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप और रोजगार के नए अवसरों पर सहमति बनी। ह्यइंडियन क्यूलिनरी एजेंडा एआईटी हॉस्पिटैलिटी मीटिंग के तहत हुई इस बैठक का नेतृत्व विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. त्रिप्ता ठाकुर ने किया। इस दौरान भारत और थाईलैंड के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने, युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसर तैयार करने तथा महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास कार्यक्रम शुरू करने पर चर्चा हुई। साथ ही भारतीय और थाई पाक परंपराओं को आधुनिक हॉस्पिटैलिटी प्रबंधन और वैश्विक मानकों से जोड़ने पर जोर दिया गया। चर्चा के दौरान एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एआईटी) के शैक्षणिक ढांचे के तहत अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप और वैश्विक कार्य–अनुभव को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर भी सहमति बनी। विश्वविद्यालय अधिकारियों के अनुसार यह पहल हॉस्पिटैलिटी शिक्षा और कार्यबल विकास के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोलेगी। कार्यक्रम का समन्वय शिक्षिका डा. शिल्पी ने किया। बैठक में आईसीए–एआईटी एवं विश्व बैंक की ओर से तनुश्री भौमिक और ओम राउत्रे सहित उत्तराखंड के विभिन्न हॉस्पिटैलिटी संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## दून अस्पताल में इंदिरा अम्मा कैंटीन बंद के विरोध स्वरूप खिचड़ी बांटी

देहरादून। इंदिरा अम्मा कैंटीन बंद करने के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अनोखा तरीका अपनाया।पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने राज्य सरकार के इंदिरा अम्मा भोजनालय को बंद करने के निर्णय के विरुद्ध दून अस्पताल स्थित इंदिरा मां भोजनालय के निकट खिचड़ी बांटकर बसंत पंचमी के उत्सव को मनाया। शुक्रवार को पूर्व सीएम हरीश रावत ने दून अस्पताल में पत्रकार वार्ता में कहा कि उन्होंने अपनी सरकार के रहते प्रदेश में कई स्थानों पर इंदिरा अम्मा भोजनालाय द्वारा लोगों को सस्ता भोजन उपलब्ध कराने की योजना चलाई थी जो सफलता पूर्वक चलती रही। इसमें उन्होंने महिला सहायता समूह की महिलाओं को भागीदारी भी कराई थी, जिससे महिलाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए थे व जनता को सस्ता भोजन भी उपलब्ध हो रहा था।



## समस्याओं के निराकरण के लिए एकजुट रहे कर्मचारी

देहरादून। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने रोडवेज की ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कार्यशाला में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। सभी कर्मचारियों से समस्याओं का निराकरण के लिए एकजुट रहने की अपील की गई।

### गोर्खाली सुधार सभा के चंद्रबनी शाखाध्यक्ष का आकस्मिक निधन

देहरादून। गोर्खाली सुधार सभा के चंद्रबनी शाखा के शाखाध्यक्ष पदम शाही का आकस्मिक निधन हो गया। कुछ दिन पूर्व बल्लुपुर क्षेत्र में डिवाइडर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी थी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए, महंत इंदेश अस्पताल में वह तीन दिन तक वेंटीलेटर पर भी रहे। वहीं इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। पदम शाही सेना से सेवानिवृत होने के बाद अपने समुदाय की सेवा के हितार्थ कार्य करने की प्रेरणा से अपने समाज की सबसे पुरानी एवं बड़ी संस्था गोर्खाली सुधार सभा से जुड़े। वह चंद्रबनी शाखा के शाखा अध्यक्ष के रूप में निस्वार्थ भाव से विगत 15 वर्षो से कार्यरत थे। सभा की मीडिया प्रभारी प्रभा शाह ने बताया कि 65 वर्षीय पदम शाही का अंतिम संस्कार गुरुवार को पूरे सम्मान के साथ किया गया। शुक्रवार को गोर्खाली सुधार सभ में अध्यक्ष पदम सिंह थापा, कार्यकारिणी सदस्यों ने पदम शाही को अपनी श्रद्धांजलि दी। सभी ने उनके निधन पर दुख जताया और दो मिनट का मौन रखा। पदम सिंह थापा ने कहा कि पदम शाही का निधन गोर्खाली सुधार सभा एवं सम्पूर्ण गोर्खाली समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है।

## बिकी हुई जमीन दोबारा बेचकर 8.50 लाख ठगे

देहरादून। जमीन दिलाने के नाम पर फर्जी पॉवर ऑफ आटर्नी से लाखों रुपये ठगने और बाद में समझौते के नाम पर पहले से बिकी हुई जमीन दोबारा बेचकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरोपी, उसके बेटे और एक अन्य सहयोगी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि नसरीन शफीक निवासी पुरानी तहसील, रुड़की (हरिद्वार) ने तहरीर दी। बताया कि वर्ष 2010 में उन्होंने देहरादून में मकान बनाने के लिए जमीन की तलाश की थी। इस दौरान उनका संपर्क रौनक अली निवासी निकट कारगी चौक देहरादून से हुआ। रौनक अली ने खुद को बिजनौर निवासी विनोद कुमार की जमीन का पंजीकृत प्रतिनिधि बताते हुए कारगी ग्रांट में 1500 वर्ग फीट जमीन दिखाई। सौदा आठ लाख रुपये में तय हुआ और पीड़िता ने पूरी रकम का भुगतान कर दिया। 19 जून 2010 को रौनक अली ने जमीन की रजिस्ट्री भी कर दी। जब पीड़िता ने कब्जे की मांग की तो आरोपी टालमटोल करने लगा। जांच करने पर पता चला कि सब–रजिस्ट्रार कार्यालय में रौनक अली के नाम कोई मुख्तारनामा दर्ज ही नहीं था। ठगी का अहसास होने पर जब पीड़िता ने पैसे वापस मांगे तो रौनक अली ने पांच लाख रुपये का चेक दिया। वह बैंक में बाउंस हो गया। इसके बाद पीड़िता के पति ने रुड़की कोर्ट में चेक बाउंस का मुकदमा दायर किया। कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए रौनक अली ने माफी मांगी और अपनी गलती सुधारने के नाम पर दूसरी जगह जमीन देने का प्रस्ताव रखा। आरोपी ने अपने परिचित संजय शर्मा के साथ मिलकर सुद्धोवाला, विकासनगर में 150 वर्ग गज जमीन दिखाई। समझौता करते हुए 20 जनवरी 2017 को संजय शर्मा के माध्यम से यह जमीन नसरीन के नाम रजिस्टर करवा दी गई। इस दौरान रौनक अली ने जमीन की चारदीवारी के नाम पर अपने बेटे शहबाज अली को 50 हजार रुपये नकद भी दिलवाए। पीड़िता जब सुद्धोवाला वाली जमीन का दाखिल–खारिज कराने तहसील पहुंची तो वहां एक और बड़ा खुलासा हुआ। पता चला कि जिस जमीन की रजिस्ट्री संजय शर्मा और रौनक अली ने करवाई है, उसे मूल जमीन मालिक पहले ही किसी और को बेच चुका था। दो बार धोखाधड़ी का शिकार होने के बाद पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय में गुहार लगाई। पुलिस को दी तहरीर पर में बताया कि उनसे कुल 8.50 लाख रुपये ठगे गए। आईजी रेंज कार्यालय में शिकायत पर गुरुवार को पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने रौनक अली, उसके बेटे शहबाज अली और संजय शर्मा निवासी प्रेमपुर माफी, कौलागढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विधायक बेहड़ ने श्रद्धापूर्वक मनाई सुभाष जयंती और बसंत पंचमी

रुद्रपुर। विधायक तिलक राज बेहड़ के कार्यालय पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती व बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विधायक ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

वहीं बसंत पंचमी पर सरस्वती माता की प्रतिमा पर भी विधिवत पूजा–अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक बेहड़ ने कहा बसंत पंचमी हमें ज्ञान, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देती है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमें शिक्षा, एकता और राष्ट्रप्रेम को आत्मसात करना होगा। वहीं नेताजी की जयंती के अवसर पर बेहड़ ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जीवन देशभक्ति, साहस और बलिदान का प्रतीक है। यहां नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, निवर्तमान



पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली, रामबाबू, राजेश प्रताप सिंह, एनयू खान, सुनीता कश्यप, ओमप्रकाश दुआ, संतोष ठाकुर, छोटेलाल कोली, अशोक मित्रा, आरिफ कुरैशी, दानिश मलिक, डिंपल धाजू, दलजीत कक्कड़ आदि रहे।

### मातृ सम्मेलन में गृह व बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी पर चर्चा की

उत्तरकाशी। बिरजा इंटर कॉलेज में शुक्रवार को मातृ सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों की माताओं ने फरवरी माह से शुरू होने वाली गृह व बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी पर चर्चा की। साथ ही छात्रों की पढ़ाई में मोबाइल से हो रहे नुकसान आदि पर अपने विचार रखकर बच्चों की कमियों और खूबियों को साझा किया। बिरजा इंटर कॉलेज में आयोजित मातृ सम्मेलन में परीक्षाओं की तैयारी में माताओं की भूमिका पर चर्चा पर शिक्षिका कृष्णा सकलानी ने कहा कि फरवरी में बोर्ड व गृह परीक्षाएं हैं। यही वो वक्त है जब माता–पिता की सबसे अधिक जरूरत एक विद्यार्थी को होती है। क्योंकि वह परीक्षा से नहीं बल्कि उसके परिणाम से डरा हुआ होता है। इस मौके पर लता कोठारी, शशिकला बहुगुणा उपस्थित रहे।

## पार्क में बच्चे पर कुत्ते छोड़ने का विरोध करने पर दम्पति की बेरहमी से पिटाई

देहरादून। रायपुर थाना क्षेत्र के डांडा खुदानेवाला में पालतू कुत्तों को लेकर हुए विवाद में एक परिवार के साथ मारपीट कर दी गई। आरोप है कि पार्क में खेल रहे पांच साल के बच्चे पर कुत्ते छोड़ गया। इसका विरोध करने पर बच्चे के माता–पिता के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने चार महिलाओं और 2 पुरुषों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रायपुर थानाध्यक्ष गिरीश नेगी ने बताया कि डांडा खुदानेवाला, सहस्त्रधारा रोड निवासी संजीत कुमार बंसल ने तहरीर दी। बताया कि घटना 19 जनवरी की शाम करीब पांच बजे की है। उनकी पत्नी और पांच वर्षीय बेटा मयूर विहार स्थित माता वाला पार्क में घूम रहे थे। आरोप है कि तभी वहां मौजूद चार महिलाओं और दो पुरुषों ने उनके बेटे पर दो कुत्ते छोड़ दिए। कुत्ते बच्चे को काटने लगे। जब संजीत की पत्नी ने अपने बच्चे को बचाने के लिए इसका विरोध किया तो आरोपियों ने महिला के साथ गाली–गलौज और मारपीट शुरू कर दी। पत्नी से सूचना मिलने पर संजीत मौके पर पहुंचे। तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। आरोप है कि उनके साथ भी जमकर मारपीट की और गंदी गालियां दीं। हाथापाई के दौरान संजीत के कपड़े फट गए और उनका मोबाइल फोन भी गुम हो गया। शोर–शराबा सुनकर आसपास लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच–बचाव कराया और दम्पति को छुड़ाया। एसओ रायपुर गिरीश नेगी ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर शुरुआती जांच के बाद गुरुवार को केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## प्रशासन ने वन विभाग की जमीन से हटाए कब्जे

देहरादून। जिला प्रशासन ने अतिक्रमण, अवैध प्लाटिंग तथा वन भूमि पर कब्जों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है। प्रशासनिक टीम और वन विभाग ने सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। डीएम ने वन विभाग समेत अन्य विभागों को अपनी संपत्तियों में अतिक्रमण पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी सविन बसंल ने अतिक्रमण की शिकायत के बाद एसडीएम न्याय कुमकुम जोशी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि भूमि राजस्व अभिलेखों में खाता–खतौनी संख्या 254, खसरा संख्या 949(क), कुल रकबा 1.3700 हेक्टेयर के रूप में दर्ज है, जो वन विभाग के नाम है। कुछ व्यक्तियों द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए भूमि को खुर्द–बुर्द कर अवैध निर्माण व रास्ता निर्माण किया गया। इस मामले में जांच बैठाई गई और प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से ध्वस्त कर दिया। इसके अतिरिक्त पोस्टऑफिस घंघोड़ा, मौजा बिष्ट गांव, परगना पछुवादून, तहसील व जिला देहरादून में स्थित भूमि खसरा संख्या 986, रकबा 0.1700 हेक्टेयर जंगल–झाड़ी के खाते में दर्ज है। भूमि खसरा संख्या 949(क), रकबा 0.3700 हेक्टेयर वन विभाग के खाते में अंकित है।

### ड्यूटी कर लौट रहे व्यक्ति को ट्रक ने मारी टक्कर

देहरादून। सुद्धोवाला में ट्रक ने स्कूटर सवार एक व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया।

पुलिस को दी गई तहरीर में पूजा पुंडीर निवासी विजय रतूड़ी मार्ग, लालपुल पटेलनगर ने बताया कि बीते 18 जनवरी की शाम उनके पति देवेंद्र सिंह (38) सेलाकुई से ड्यूटी खत्म कर स्कूटर से घर लौट रहे थे। सुद्धोवाला में 99 कैफे के सामने पीछे से आ रहे एक ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत पटेलनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## 28 जनवरी को होगा शीतकालीन बालरंग कार्यशाला का समापन

अल्मोड़ा। नव हिमालय लोक कला समिति की ओर से एक जनवरी से जीजीआईसी अल्मोड़ा में शीतकालीन बालरंग कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में शहर के 35 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। इसमें बच्चों को लोकनृत्य, नाटक, पेंटिंग, शगुनआखर, एपण और कुमाऊंनी भाषा में समूह गान का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला प्रतिदिन सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित हो रही है। कार्यशाला के प्रथम सत्र में लक्की पवार, कार्यशाला अध्यक्ष गोकुल बिष्ट, प्रतिभा जोशी और संतोष मेहरा बच्चों को योग, ध्यान और नृत्य का अभ्यास करा रहे हैं। द्वितीय सत्र में यशोदा तिवारी शगुनआखर, अनुभव मिश्रा क्राफ्ट और हर्षित तिवारी पेंटिंग का प्रशिक्षण दे रहे हैं।



तृतीय सत्र में उमाशंकर मैड़ी और नरेश बिष्ट बच्चों को नाटक का अभ्यास करा रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक दीप चन्द्र तिवारी ने बताया कि कार्यशाला का समापन 28 जनवरी को सायं 3 बजे से जीजीआईसी अल्मोड़ा के सभागार में आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह में जिलाधिकारी अल्मोड़ा अतुल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

## परीक्षा पे चर्चा' के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय अव्वल

अल्मोड़ा। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 'परीक्षा पे चर्चा' के नवें संस्करण के अंतर्गत शुक्रवार को पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा में जनपद स्तरीय अंतर–विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा, आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा, पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय रानीखेत, बीरशिबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल अल्मोड़ा, राजकीय इंटर कॉलेज स्यालीधार और होली एंजेल्स पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा के कुल 100 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता दो वर्गों में कराई गई। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र–छात्राएं शामिल रहे। कनिष्ठ वर्ग में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय रानीखेत के तेजस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय



स्थान पर पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय रानीखेत की अदिति, आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा की मानसी बिष्ट और पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा के लक्षित छेत्री रहे। आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा के यथार्थ जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा के देवांशु पालीवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान होली एंजेल्स पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा के शाश्वत पांडे को मिला। तृतीय स्थान पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय रानीखेत के प्रत्यक्ष और पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा के जतिन विष्ट ने प्राप्त किया।

## पांच दशक बाद खोले गए बाड़ाहाट स्थित दत्तात्रेय मंदिर के दरवाजे

उत्तरकाशी। भैरव चौक स्थित दत्तात्रेय मंदिर का दरवाजा बाड़ाहाट के आराध्य कंडार देवता की देवडोली के सानिध्य में वसंत पंचमी पर करीब पांच दशक बाद विधिविधान के साथ खोला गया था। पुजारी पुरी परिवार और स्थानीय लोगों की ओर से दीया जलाकर वहां पर दोबारा पूजा करने का संकल्प लिया गया। साथ ही जल्द ही इसके जीर्णोद्धार के लिए समिति का निर्माण कर कार्य शुरू करवाया जाएगा। बाड़ाहाट क्षेत्र में करीब 13वीं सदी में हाड़ी और पहाड़ी शैली में बना दत्तात्रेय मंदिर पर करीब पांच दशक से ताला लगा हुआ था। वर्ष 1950 में मंदिर से दत्तात्रेय की मूर्ति चोरी हो गई थी। उसके बाद कुछ वर्षों तक वहां पर घुमक्कड़ी साधु निवास करते थे। मंदिर के संरक्षण को देखते हुए वहां पर ताला लगा दिया गया था। करीब पांच और छह दशक से मंदिर अपने जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा था। क्योंकि इसके पास मंदिर शृंखला में शामिल परशुराम, चमाला की चौरी, अन्नपूर्णा मंदिर का जीर्णोद्धार हो चुका है। सभासद अमेरिकन पुरी ने बताया कि पुजारी पुरी परिवार के लोगों और स्थानीय निवासियों ने आपसी सहमति पर इसके दरवाजे खोलने पर विचार किया गया। इसके बाद बाड़ाहाट के आराध्य कंडार देवता से इस संबंध में अनुमति ली गई तो उन्होंने वसंत पंचमी पर मंदिर के दरवाजे खोलने के आदेश दिए। इसलिए शुक्रवार को देव डोली के सानिध्य में मंदिर के गर्भगृह के दरवाजे खोलकर वहां पर दीपक जलाकर विशेष पूजा–अर्चना की गई। मंदिर का इतिहास राहुल सांकृत्यायन की यात्रा संस्मरण सहित कई इतिहास की किताबों में मिलता है कि यह 13वीं और 14वीं शताब्दी में बनाया गया मंदिर है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com